वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 18 मई 2022

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

नीट पीजी की तिथि आगे बढ़ाने की माँग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से पुन: मिला अभाविप का प्रतिनिधिमंडल

छात्रों की माँग को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय में सार्थक रही चर्चा

पिछले कुछ दिनों से देश में चल रही नीट पीजी की तिथि आगे बढ़ाने की माँग को लेकर आज पुनः अभाविप का प्रतिनिधिमंडल मा. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडवीया एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भेंट कर परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाने हेतु छः महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सार्थक चर्चा हुई। इस महत्वपूर्ण चर्चा के पश्चात निश्चित तौर पर निर्णय की दिशा बनेगी और अभ्यार्थियों को राहत मिलेगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह ही मामले में हस्तक्षेप न करते हुए, निर्णय केंद्र सरकार पर छोड़ा था। अभाविप के प्रतिनिधिमंडल द्वारा भी ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के सामने छात्रों की समस्या को रखा गया था तथा जिन छात्रों की आवंटित सीट निरस्त की गयी ऐसे छात्रों हेतु एक दिन के लिए लिंक खोलकर उन्हें फार्म भरने की अनुमति दी जाने की मांग भी की है।

अभाविप के प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व कर रहे मेडीविज़न आयाम के राष्ट्रीय संयोजक डॉ वीरेंद्र सोलंकी ने बताया कि, "छात्रों की माँग पूरी करवाने के लिए हम सतत रूप से प्रयासरत हैं। हम देश भर के हज़ारों छात्रों से संपर्क में हैं जिनका मत हमने स्वास्थ्य मंत्रालय के सामने रखा है। जिसके बाद हुई चर्चा से आशा है कि यथा शीघ्र सम्भव छात्र-हितैषी हल निकलेगा।"

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा, "हमारे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यतः छः महत्वपूर्ण बिंदुओं को माननीय केंद्रीय मंत्री के सामने रखा और उन्होंने स्वीकार किया कि ये सभी मुख्य विषय हैं जिनपर अभी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। अतः हमें विश्वास है कि इन बिंदुओं के कारण निर्णय की दिशा प्रशस्त होगी और छात्रों को राहत मिलेगी।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)